**NBT Page 4**

## सभी विश्वविद्यालय सुरक्षित रखें स्टूडेंट्स का डेटा

■ **एनबीटी, लकनऊ:** शासन ने एलयू की तरह सभी विश्वविद्यालयों को भी स्टूडेंट्स का डेटा सुरक्षित रखने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे भविष्य में आने वाली दिक्कतों से परेशान न होना पड़े।

**शासन ने स्टूडेंट पोर्टल बनाने का दिया निर्देश**

एलयू कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि स्टूडेंट्स का डेटा सुरक्षित रखने के लिए एलयू ने यूडीआरसी स्टूडेंट पोर्टल बनाया है, जिससे एलयू को विवि और अपने कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के परीक्षा फॉर्म और स्टूडेंट्स से जुड़ी समस्याओं को हल करता है। इसके साथ एलयू से सम्बन्धित सभी सूचना आसानी से एलयू प्रशासन स्टूडेंट्स तक पहुंचा देता है। इसी को देखते हुए शासन ने हाल ही में एक बैठक में सभी विश्वविद्यालयों को स्टूडेंट्स का डेटा सुरक्षित रखने के लिए कहा है।